Geared for life

**BHARAT GEARS LIMITED**
Regd. Office & Works :
20, K.M. Mathura Road, P.O.Box 328
P.O. Amar Nagar,Faridabad - 121003 (Haryana) INDIA
Tel. : +91 (129) 4288888, E-mail : info@bglindia.com
Corporate Identity Number : L29130HR1971PLC034365

**BGL/SEC/NSE/3/MARCH 2020-2021**

**BGL/SEC/BSE/2/MARCH 2020-2021**

**March 05, 2021**

**The Manager (Listing)**
**National Stock Exchange of India Ltd**
"Exchange Plaza", 5th Floor,
Plot No. C-1, G - Block,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E), Mumbai - 400051

**SYMBOL: BHARATGEAR**

**The Manager (Listing)**
**BSE Limited**
1st Floor, New Trading Ring,
Rotunda Building
PJ Towers, Dalal Street
Fort, Mumbai – 400001

**STOCKCODE: 505688**

**Sub: <u>Published Notice for Loss of Share Certificate</u>**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to the Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations 2015 ("the Regulations"), please find enclosed herewith copy of the notice for loss of Share Certificate published by the Company in the newspaper i.e. "Hari Bhoomi" (Hindi) on March 05, 2021.

You are requested to take the same on your records.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **Bharat Gears Limited**

**Kaushal Narula**
**Manager (Secretarial)**

BHARAT GEARS LIMITED ★ FARIDABAD ★

**Encl: As above**

# केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी ने लिया द्वारका एक्सप्रेस-वे हालातों का जायजा

## दिल्ली और हरियाणा की सीमा पर निर्माणाधीन 29 किमी एक्सप्रेस-वे का 50 प्रतिशत काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

केंद्रीय सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह के साथ गुरूग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों ने बताया कि इस एक्सप्रेस-वे के हरियाणा में पड़ने वाले हिस्से का लगभग 50 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस दौरान एनएचएआई के अधिकारियों ने मंत्री को अवगत करवाया कि द्वारका एक्सप्रेस वे की कुल लंबाई 29 किलोमीटर है, जिसमें से 18.9 किलोमीटर लंबाई हरियाणा प्रदेश की सीमा में तथा बाकी 10.1 किमी की लंबाई दिल्ली की सीमा में पड़ती है। यह एक्सप्रेस-वे गुरूग्राम में राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-48 पर खेड़की दौला टोल प्लाजा के नजदीक से शुरू होकर दिल्ली सीमा में इसी राजमार्ग पर शिव मूर्ति के पास खत्म होता है। उन्होंने यह भी बताया कि द्वारका एक्सप्रैस वे की कुल 29 किलोमीटर लंबाई मे से 23 किलोमीटर एलीवेटिड है तथा चार किलोमीटर की दूरी में टनल का निर्माण होगा। ऐलीवेटिड भाग में आठ लेन का फ्लाईओवर सिंगल पियर पर बनाया जा रहा है जोकि भारत वर्ष में अपनी तरह का पहला निर्माण है।

### 9 हजार करोड़ रूपए की लागत से बन रहा एक्सप्रेस-वे


निरीक्षण के दौरान नक्शा देखते हुए अधिकारियों के साथ मंत्री नितिन गडकरी

एक्सप्रेस-वे का निर्माण चार पैकेज में किया जा रहा है। इसमें दो पैकेज हरियाणा की सीमा में पड़ते हैं जो एल एंड टी कंपनी द्वारा तथा बाकि के दो पैकेज दिल्ली प्रदेश की सीमा में पड़ते हैं जो जय कुमार इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा पूरे किए जा रहे हैं। लगभग 9 हजार करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले इस एक्सप्रेस वे के चार पैकेज में एक पैकेज दिल्ली-जयपुर हाईवे से बसई-धनकोट आरओबी तक लगभग 8.76 किमी लंबाई का है, जिस पर 1859 करोड़ रुपए की अनुमानत लागत आएगी। इसी प्रकार दूसरा पैकेज बसई-धनकोट आरओबी से लेकर हरियाणा-दिल्ली सीमा तक लगभग 10.2 किलोमीटर लंबाई का है जिस पर 2228 करोड़ रूपए की अनुमानत लागत आएगी। तीसरा पैकेज हरियाणा-दिल्ली सीमा से बिजवासन में आरयुबी तक 4.20 किलोमीटर लंबाई का है जिस पर2068 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

**पगड़ी पहनाकर किया स्वागत**

गुरूग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे के निरीक्षण के लिए पहुंचे गडकरी का ट्रमपेट लॉकेशन पर इलाके के ग्रामीणों ने पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया। ट्रमपेट लॉकेशन वह स्थान है जहां पर एसपीआर और द्वारका एक्सप्रैस वे जुड़ते हैं। गुरूग्राम में पहुंचने पर उपायुक्त डा. यश गर्ग तथा नगर निगम आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने भी केंद्रीय मंत्री गडकरी तथा राव इंद्रजीत सिंह का स्वागत किया। गडकरी के साथ दिल्ली से सांसद रमेश बिधुड़ी तथा गुड़गांव के विधायक सुधीर सिंगला भी थे।

### डबल फ्लाई ओवर, 14 लेन टनल और जैसी है विशेषताएं

इस एक्सप्रेस-वे की आठ लेन फलाईओवर के अलावा 6 लेन की सर्विस लेन भी बनाई जा रही हैं। इस प्रकार एक्सप्रेस-वे तथा सर्विस लेन को मिलाकर कुल 14 लेन बनाई जाएगी। एनएचएआई के ने बताया कि इसके बनने से यात्रियों को गुरूग्राम से दिल्ली जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा और वर्तमान दिल्ली-जयपुर हाईवे पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। एक्सप्रेस वे पर गुरूग्राम में सीपीआर और एनपीआर के जंक्शन पर मेजर क्लोवर लीफ का निर्माण किया जाएगा। यही नहीं, दिल्ली में द्वारका के पास इस एक्सप्रेस वे पर भारत का पहला चार लैवल का इंटरचेंज का निर्माण होगा, जिसमें टनल अथवा अंडरपास, ग्रेड रोड़, ऐलीवेटिड फलाईओवर तथा उसके उपर एक और फलाईओवर बनेगा।

## प्याली-हार्डवेयर सड़क निर्माण शुरू न होने से क्षुब्ध अनशनकारी बाबा रामकेवल आज से शुरू करेंगे धरना-प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** बहुचर्चित प्याली-हार्डवेयर सड़क निर्माण शुरू न होने से क्षुब्ध समाजसेवी एवं अनशनकारी बाबा रामकेवल आज से प्याली चौक पर धरने पर बैठेगें। बाबा रामकेवल ने कहा कि उन्होंने बीते दो फरवरी को केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, परिवहन मंत्री पं.मूलचंद शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, विधायक राजेश नागर, विधायक नीरज शर्मा के अलावा नगर निगम के आयुक्त एवं जिला उपायुक्त डा. यशपाल यादव, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राजीव जेटली, जेजेपी प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी को सडक निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपा था और गुजारिश भी की थी कि पांच मार्च से पहले सडक निर्माण का काम शुरु करवा दें परंतु किसी ने एक न सुनी। जिसके चलते उन्हें धरना-प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे बजट आश्वासन नहीं काम चाहिए और जिस दिन काम शुरू हो जाएगा मैं स्वयं ही धरना प्रदर्शन खत्म कर दूंगा, काम शुरू नहीं होगा धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। अब आश्वासनों से काम नहीं चलेगा। जिले के लोग और मौतों का तमाशा नहीं देख सकते। हम नेता नहीं समाज सेवी हैं क्षेत्रवासियों और नेताओं अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। बार-बार आश्वासन के चलते तीन से अधिक मौतें व दर्जनों दुर्घटना घट चुकी है, लेकिन ढाक के तीन पात नहीं नजर आते है।

**खबर संक्षेप**




### आपराधिक घटनाओं के विरोध में व्यापारी

**गाजियाबाद।** सप्ताह के भीतर राजनगर जैसी पॉश कॉलोनी में दो व्यापारियों के साथ हुई आपराधिक घटना के विरोध में व्यापारियों ने गुरुवार को एसएसपी कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की गाजियाबाद इकाई के बैनरतले बड़ी संख्या में व्यापारियों ने एसपी सिटी के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। व्यापारियों का कहना है कि गाजियाबाद में आए दिन व्यापारियों के साथ आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। पुलिस की ओर से सुरक्षा-व्यवस्था का आश्वासन देने के बाद भी जमीनी स्तर पर कोई सुरक्षा नहीं मिल रही है। शहर की पॉश राजनगर कॉलोनी में दवा व्यापारी के घर हुई डकैती का अभी खुलासा नहीं हो पाया है।



### विधायक नागर ने राजीव नगर में बांटे कपड़े

**फरीदाबाद।** विधायक राजेश नागर ने गुरुवार को तिगांव विधानसभा क्षेत्र में आने वाले राजीव नगर में जरूरतमंदों को कपड़े बांटे। यह आयोजन बन्नुवाल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा किया गया। इस अवसर पर नागर ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना हर आदमी का फर्ज है। हर व्यक्ति को अपनी सामथ्र्य के अनुसार जरूरतमंदों की मदद अवश्य ही करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बन्नुवाल वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से वस्त्र बांटने का कार्यक्रम बहुत ही शानदार और पुनीत कार्य है जिसमें भागीदारी करके बड़ी खुशी हो रही है। इस मौके पर समाजसेवी एवं रोटेरियन अनुराग गर्ग विशेष रूप से मौजूद थे। नागर ने कहा कि हर वर्ग में खुशियां बांटने का काम सबको करना चाहिए।

### भारतीय रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य गोयल

**गुरुग्राम।** कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक एवं युवा भाजपा नेता नवीन गोयल के बड़े भाई डा. डीपी गोयल को भारतीय रेलवे



सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।अपनी नियुक्ति पर डा. डीपी गोयल ने कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाएंगे। निष्ठा से काम करेंगे। उन्होंने रेल मंत्री पीयूष गोयल और सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह का आभार व्यक्त किया। डा. डीपी गोयल एमए इकॉनोमिक्स में स्नातक हैं और एमबीए की है। उनकी नियुक्ति पर गुरुग्राम विधानसभा निगरानी कमेटी के चेयरमैन सुमेर सिंह तंवर, मानव आवाज संस्था के संयोजक एडवोकेट अभय जैन, समाजसेवी बाली पंडित, गगन गोयल, पूर्व सरपंच नरेश सहरावत ने बधाई दी।

## गैंग की सरगना महिला पुलिस की गिरफ्त में, पति फरार

# हवाई जहाज से जाते थे चोरी करने आखिर पुलिस के हत्थे चढ़ी गैंग

**वारदात के बाद मेरठ और नेपाल में ले जाकर बेचा करते थे चोरी का माल, पुलिस की पकड़ में आए गैंग के चार लोग, गैंग का सरगना तनवीर अभी भी फरार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

पुलिस ने गहनों की दुकानों में चोरी करने वाले एक ऐसे अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का खुलासा किया है जिसके बदमाश हवाई जहाज से देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर वारदात करते थे और चोरी का माल मेरठ और नेपाल में ले जाकर बेचा करते थे।। खासबात यह है कि इस गिरोह की सरगना एक महिला है। पुलिस ने फिलहाल गिरोह की सरगना समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नगर (द्वितीय) ज्ञानेंद्र कुमार सिंह व एसपी देहात डॉ. इराज राजा ने गुरुवार को एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस गिरोह का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों में इंतजार, जाहिद और समीर व सरगना तनवीर की पत्नी है। इन सभी ने ही पिछले हफ्ते शालीमार गार्डन मे सुनार की दुकान का शटर काटकर 15 किलो चांदी चुरा ली थी।

### हाल ही में सुनार की दुकान को बनाया था निशाना


सुनारों की दुकान में चोरी करने वाले गैंग की जानकारी देते एसपी देहात ।

इसके अलावा मोदीनगर मे भी इस गिरोह ने ही सुनार की दुकान को निशाना बनाया था। उन्होंने बताया कि गिरोह के यह सभी सदस्य उत्तर प्रदेश समेत महाराष्ट्र, तेलंगाना आदि प्रदेशों में भी सुनार की दुकान के शटर काटकर चोरी किया करते थे। पुलिस के मुताबिक यह मुंबई से भी जेल गए हैं और वही कई जगह भी वांटेड है। फिलहाल पुलिस ने उनके कब्जे से 5 किलो चांदी 2 लाख दस हजार की नकदी और एक कार बरामद की है। पुलिस के मुताबिक इस गैंग के बाकी सदस्य चोरी करके फ्लाइट से वापसी मेरठ और गाजियाबाद आ जाते थे। वहीं महिला अपने बैग में चोरी का सामान लेकर निकल जाती थी। महिला होने के कारण उस पर कोई ज्यादा शक नहीं करता था। पुलिस ने इस गैंग के चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन इस गैंग का सरगना तनवीर अभी भी फरार है और पुलिस तलाश कर रही है।

### आत्महत्या मामले में वकीलों ने प्रदर्शन के बाद सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद।** मेरठ में अधिवक्ता ओमकार तोमर आत्महत्या प्रकरण में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर अधिवक्ताओं ने गुरुवार को पश्चिमी उप्र के सभी जिलों की कचहरी में तालाबंदी कर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। गाजियाबाद में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। बाद में एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को दिया गया। जिसमें आत्महत्या के लिए दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की गई है। अधिवक्ताओं ने भाजपा विधायक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग की। एसोसिएशन के महामंत्री मनमोहन शर्मा ने बताया कि नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

### बदमाशों ने मिर्च पाउडर डाल कर लूटे 36 लाख रुपए

**फरीदाबाद।** सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र में स्कूटी सवार बदमाशों ने दो युवकों की आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर 36.40 लाख रुपए से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गए। यह वारदात वजीराबाद दिल्ली निवासी रोहन कसाना और उनके साथी शालीमार बाग दिल्ली निवासी अर्जुन के साथ हुई। रोहन ने सराय ख्वाजा थाना पुलिस को बताया कि उन्हें व साथ करने वाले अर्जुन को प्रीतमपुरा वुड पैकर्स एजेंसी के मालिक राजकुमार ने 36.40 लाख रुपए देकर फरीदाबाद अपने जानकार विनोद और महेश के पास पहुंचाने को कहा। सराय ख्वाजा टोल के पास स्कूटी सवार तीन युवक आंख में मिर्च पाउडर डाल रुपए लूट लिए।

### दो अलग-अलग कंपनियों में लगी आग, चार मजदूर झुलसे

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में गुरुवार को दो कंपनियों में आग लग गई। दमकल विभाग की गाडियों में समय रहते दोनों आगजनी की घटनाओं पर काबू पा लिया। आगजनी की इस एक घटना में चार लोग झुलस गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना सैक्टर-7 क्षेत्र के अन्तर्गत मुजेसर फाटक के पास पंखों की मोटर बनाने वाली फैक्ट्री में शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। सुबह करीब साढ़े आठ बजे मथुरा रोड मुजेसर फाटक के पास सन मोटर्स फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल विभाग से अग्निशमक अधिकारी आरएस खटाना व कपिल चार गाड़ियों सहित वहां पंहुचे और आग पर काबू पाने की कोशिश की।

### कर्मचारियों व निगम प्रशासन के बीच मांगों पर बनी सहमति

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद नगर निगम प्रशासन के द्वारा कर्मचारी मांगों पर सहमति प्रकट करने के बाद म्युनिस्पिल कारपोरेशन इंपलाईज फैडरेशन फरीदाबाद ने शुक्रवार से अपने प्रस्तावित आंदोलन को स्थगित कर दिया है। इससे पूर्व नगर निगम प्रशासन और फैडरेशन के पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निगम प्रशासन की ओर से अतिरिक्त निगमायुक्त इंद्रजीत कुल्हड़िया, कार्यकारी अभियंता-क्रय विवेक गिल, यूनियन के सचिव सुरजीत नागर और अमित शर्मा आदि उपस्थित थे। फैडरेशन ने सौहाद्र्धपूर्ण माहौल में बैठक कर कर्मचारी मांगों का हल निकालने पर निगमायुक्त यशपाल यादव और अतिरिक्त निगमायुक्त का आभार प्रकट किया है।

- आज से पांच मार्च तक प्रस्तावित आंदोलन किया स्थगित

**कल करेंगे जिला उपायुक्त से मुलाकात**

## दो माह से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन, बुलाई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू के आह्वान पर फरीदाबाद के नगर निगम सभागार में आम सभा की गई। जिसमें हरियाणा सरकार द्वारा फरीदाबाद के 24 गांव जो नगर निगम में शामिल किए गए है। उनके सफाई कर्मचारियों को भी नगर निगम में शामिल करने के आदेश तो सरकार ने दे दिया है परंतु दो माह बीत जाने के बाद भी अभी कर्मचारियों का वेतन नहीं मिला है। जिस कारण कर्मचारी बैचेन है इसलिए आज की मीटिंग बुलाई गई है।



### पूरी ताकत से लड़ेगा यूनियन

सभा में ननि के जिला प्रधान बलबीर बालगुहेर ने कहा कि आपकी सभी मांगों ननि यूनियन पूरी ताकत के साथ आपकी लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा कि वेतन न मिलने से बच्चों को पेपर देने से रोका जा रहा है साथ ही राशन व दूध वाले ने भी उन्हें सामान देने से मना कर दिया है।

### स्थानीय युवाओं के आरक्षण के फैसले पर विचार करे सरकार: यादव

**गुरुग्राम।** प्रदेश सरकार ने अब निजी क्षेत्र की 75 प्रतिशत नौकरियां हरियाणा मूल के निवासियों के लिए आरक्षित कर दी हैं। प्रदेश सरकार में भागीदार जजपा ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में नौकरियों में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने का वायदा किया था, जो अब सरकार ने विधेयक पारित कर पूरा कर दिया है। प्रदेश सरकार के आरक्षण कानून से उद्योग जगत की चिंताएं भी बढऩी शुरु हो गई हैं। उद्यमियों का प्रतिनिधित्व करने वाली एनसीआर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष एचपी यादव का कहना है कि सरकार का विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों स्थित इकाईयों में 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को ही नौकरी पर रखने का कानून न केवल अव्यवहारिक है, अपितु उद्योग विरोधी भी है। इससे प्रदेश के उद्योगों को नुकसान ही होगा। अब सरकार का यह फैसला उद्योगों को हतोत्साहित करने वाला है।

- युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण केंद्र की सरकार करे व्यवस्था

**पारिवारिक फिल्म है भोजपुरिया बेटा: प्रदीप**

## गुल्लू की ढाणी में भोजपुरिया बेटा फिल्म की शूटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद में चल रही भोजपुरी फिल्म भोजपुरिया बेटा की शूटिंग के 16वें दिन बीती सायं सूरजकुंड क्षेत्र के ईरोज गार्डन स्थित गुल्लू की ढाणी में कई सीन फिल्माए गए। फिल्म के निर्माता प्रदीप गुप्ता (पिया) व सह निर्माता रमाकांत तिवारी ने बताया यह हमारी दूसरी भोजपुरी फिल्म है। इस फिल्म की शूटिंग लगभग आगामी सात दिनों के अंदर पूरी कर ली जाएगी। साथ ही गानों की लोकेशन एनसीआर की विभिन्न लोकेशनों पर की जाएगी। फिल्म के डायरेक्टर कपिल ठाकुर मथुरा, नायक अशोक डी स्टार, नायिका शिवानी सौम्या, खलनायक दीपक मौजूद थे।



**पारिवारिक फिल्म में है छोटे शहर के लड़के की हीरो बनने की कहानी**

फिल्म के निर्माता प्रदीप गुप्ता (पिया) ने कहा कि यह एक पारिवारिक फिल्म है। किस तरह यूपी-बिहारी से बड़े शहर में आकर हीरो कड़ी मेहनत कर नाम कामता है और सभी के दिलों को जीत लेता है। फिल्म की शूटिंग फरीदाबाद के सैक्टर-11 स्थित कर्मवीर गार्डन, डीपीएस स्कूल सैक्टर-11, सेक्टर-76 में, गांव प्रतापगढ़, सूरजकुंड के ईरोज गार्डन स्थित गुल्लू की ढाणी, सैक्टर-55 चौक स्थित गैरोज की लोकेशन पर हुई।

### संयुक्त किसान मोर्चा का धरना 67वें दिन भी रहा जारी

**गुरुग्राम।** संयुक्त किसान मोर्चा का किसान आंदोलन के समर्थन में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना 67वें दिन भी जारी रहा। धरने को विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व संगठनों का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

**BHARAT GEARS LIMITED**
Regd. Office & Works: 20 K.M. Mathura Road, P.O. Amar Nagar, Faridabad-121003 (Haryana)
Tel.: +91 (129) 4288888, Fax: +91 (129) 4288822-23, Email: info@bglindia.com
Website: www.bharatgears.com, CIN: L29130HR1971PLC034365

**NOTICE**

Notice is hereby given that the **Share Certificate no. 15227** bearing distinctive no(s). **1276301-1276350** standing in the name of **Pranab Kumar Sarkar Jt: Maya Sarkar** has been reported lost/misplaced.

The Company shall proceed to issue duplicate share certificate, if no objection is received within 15 days from the date of publication of this notice.

Further details of the above are available on the website of the Company i.e. www.bharatgears.com and the Stock Exchanges website i.e. www.bseindia.com and www.nseindia.com.

For **Bharat Gears Limited**
Sd/-
**Prashant Khattry**
**Head (Legal) & Company Secretary**

Place: Faridabad
Dated: 04.03.2021

**कुटेशन नोटिस**

हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक में वाहनों की मरम्मत के लिये हार्ड वेयर / पैटी आईटमएस/मिसलेनियस आईटम की अगले एक वर्ष के लिये खरीद की जानी है। इच्छुक सप्लायर दिनांक 12.03.2021 तक अपनी सील बंद कुटेशन महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक के नाम भेज सकते हैं। जिसके ऊपर स्टोर आईटम कुटेशन लिखा होना अनिवार्य है। स्टोर आईटम की जिस्ट व अन्य शर्तों के लिये महाप्रबंधक कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं। कोटेशन से सम्बन्धित सभी दस्तावेज किसी भी कार्यदिवस दिनांक 12.03.201 से पहले आकर रु. 100/- जमा करवाने उपरांत महाप्रबंधक कार्यालय हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक से प्राप्त कर सकते हैं।

हस्ता/- महाप्रबंधक,
हरियाणा राज्य परिवहन,
रोहतक

पीआरडीएच-1119/11/23/2021/2040/88/7 दि. 04.03.21

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल यांत्रिक अभियंता/शक्ति, मण्डल रेलवे प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, स्टेट एंट्री रोड़, नई दिल्ली-110055, निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | 221-S/4/2/HK/RR/SSB/ML-IV(2020) |
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | वरिष्ठ चालक दल नियंत्रक, शकूरबस्ती के अधीन "चालक व गार्ड रनिंग रूम तथा लॉबी शकूरबस्ती की सफाई करना, खाना बनाना व परोसना, बेडरोल आइटन (चादर, तकिया, कम्बल, परदे, रजाई कवर इत्यादि), की धुलाई बागवानी कार्य, कीटनाशक का छिडकाव व रनिंग रूम चौकीदार, दिए गए कार्य के अनुसार अवधि करार से दो वर्ष हेतु खुली ई निविदा। |
| अनुमानित लागत | ₹ 1,90,61,266.92/- रुपये तथा GST जैसा लागु होगा। |
| बयाना राशि | 2,45,310 रुपये (ये जमा राशी केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के द्वारा ही मान्य होगी, यह राशी एफडीआर या टीडीआर के रूप में मान्य नहीं होगी रेलवे बोर्ड पत्र संख्या 2015/CR-I/CT/5/1 dated 31.08.2016 के आदेशानुसार। |
| निविदा फार्म का मूल्य | 5900/- रुपये (GST @18% सहित) |
| कार्य अवधि | अवधि कार्य आरम्भ होने से दो वर्ष। |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 26.03.2021 11:00 बजे तक तथा खुलने का समय दिनांक 26.03.2021, 11:15 बजे। |
| निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने के इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS की साईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र सं. : 221-S/4/2/HK/RR/SSB/ML-IV(2020) दिनांक : 04.03.2021 490/2021

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**Pebble Downtown India Private Limited**
Formerly Known Pebble Consultants Private Limited
In Collaboration with Ashutosh Infra Private Limited
Adjoining Bata Chowk Metro Station, NH-2, Sector12, Faridabad (Haryana)
#88000-79000, 98111-17385
www.pebbleindia.in

**PUBLIC NOTICE**

Whereas, **M/s Pebble Downtown India Private Limited**, is in the process of increase of additional FAR of 100% i.e. (175% + 12% (Green Building)+ 100%= 287%) under Transit Orient Development ("**TOD**") policy of Director, Town & Country Planning, Haryana of Commercial Project having Licence bearing no. 62 of 2009 over an area measuring 1.725 acres in the revenue estate, village Ajronda, Faridabad granted by Director, Town & Country Planning, Haryana, Chandigarh.

And whereas allotment of space in the said Project has yet not been made to any individuals/companies etc., (hereinafter referred as "**allottees**").

And whereas, the office of Director General, Town & Country Planning, Haryana (Chandigarh) had required seeking of no-objection against the increase in FAR of under construction building of M/s Pebble Downtown India Private Limited in said commercial license Project and subsequent revision of layout/building plan.

Accordingly, vide this Public Notice objections are hereby invited from allottees (if any) in the said Project on the proposed increase in FAR and subsequent revision of layout/ building plan. In principal approval of increase of 100% i.e. (175% + 12% (Green Building)+ 100%= 287%) under Transit Orient Development (TOD) policy duly approved vide Memo. No. LC-2174-JE (SK)-2021/5486 dated 4.03.2021 are available in the office of undersigned at M/s Pebble Downtown India Private Limited, Bata Chowk Metro Station, Sector -12, Faridabad and also available at website **www.pebbleindia.in** as well in the office of the District Town Planner, Faridabad, Ground Floor, HSVP Complex, Sector-12, Faridabad (Haryana).

Any allottee(s) having any objection on the proposed revision of increase of FAR, may their objection in the office of District Town Planner, Faridabad within 15 days of the publication of this notice, failing which it shall be assumed that there are no objections to the proposed increase of FAR under Transit Orient Development Policy and subsequent revision in layout/building plan.

Sd/-
Director/Authorized Signatory
**Pebble Downtown India Private Limited**

Place: Faridabad
Date: 4.03.2021

**हरियाणा सरकार** **शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, हिसार | 1775-93/ T. NOTICE DATED 19.02.2021 | इस कार्यालय पत्र सं. 1775-93/टी. नोटिस दिनांक 19.02.2021 के तहत आमंत्रित निविदाएं 08.03.2021 को खोली जाएंगी, क्र. सं. 20 से 23 पर कार्यों हेतु बालसमंद सब ब्रांच की पुनः स्थापना अर्थात स्लाइसेज हेतु प्रशासनिक कारणों की वजह से एतद द्वारा निम्नानुसार संशोधित की गई है। अधिक विवरण / शर्तों हेतु HTTP://ETENDERS.HRY.NIC.IN पर पधारें। निम्नलिखित संशोधित स्लाइसेज निम्नानुसार हैं :- आरडी 0 से आरडी 25000-डीओ- आरडी 25000 से 42700-डीओ- आरडी-42700 से आरडी 54000-डीओ-आरडी 54000 से आरडी 69840 तक बालसमंद सब ब्रांच की पुनः स्थापना। | www://hid.gov.in | 01662-237870 xenwsdnhsr@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2021/40/2049/I/88/7 दि. 04.03.21